**IFCI LIMITED**
आई एफ सी आई लिमिटेड
(A Government of India Undertaking)
(भारत सरकार का उपक्रम)

**पंजीकृत कार्यालयः** आईएफसीआई टावर, 61 नेहरु प्लेस,
नई दिल्ली-110019
फोनः 011-41732000/41792800
फैक्सः 011-26230201
वेबसाइटः www.ifciltd.com
ईमेलः complianceofficer@ifciltd.com
CIN : L74899DL1993GOI053677

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# शेयरधारकों को सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की अट्ठाईसवीं (28वीं) वार्षिक महासभा (एजीएम) शुक्रवार, दिनांक 17 दिसम्बर, 2021 को प्रातः 11:30 बजे (आईएसटी) वीडियो कान्फ्रेंस (वीसी)/अन्य आडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) की मार्फत इस सम्बन्ध में जारी किए गए प्रयोज्य परिपत्रों के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू उपबन्धों के अनुसरण में इस 28वीं वार्षिक महासभा के आयोजन की सूचना में दिए गए कारोबार का संव्यवहार करने के लिए निर्धारित की गई है।

28वीं वार्षिक महासभा के आयोजन के नोटिस सहित वार्षिक रिपोर्ट शेयरधारकों तथा अन्य पात्र व्यक्तियों को इलेक्ट्रोनिक माध्यम से भेज दी गई है, जिनके ई-मेल आईडी उनके डिपाजिटरी भागीदार (भागीदारों)/कम्पनी/रजिस्ट्रार एण्ड शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरएण्डएसटीए) के पास पंजीकृत हैं। 28वीं वार्षिक महासभा के आयोजन के नोटिस सहित वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् www.ifciltd.com ; स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड (बीएसई) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया (एनएसई) की वेबसाइट पर क्रमशः www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर और ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए नियुक्त एजेंसी के नाते सेन्ट्रल डिपाजिटरी सर्विसिज (इण्डिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है। 28वीं वार्षिक महासभा के आयोजन के नोटिस में संदर्भित सभी दस्तावेज इलेक्ट्रोनिक माध्यम द्वारा सभी कार्य-दिवसों को, शनिवार, रविवार तथा अवकाश को छोड़कर, प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे (आईएसटी) तक निरीक्षण के लिए एजीएम की तारीख तक उपलब्ध हैं।

कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और लागू अन्य उपबन्धों/नियमों, जैसा भी लागू हो, के अनुसरण में, कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर अन्तरण बहियां कम्पनी की 28वीं वार्षिक महासभा के उद्देश्य से शनिवार, दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 से शुक्रवार, दिनांक 17 दिसम्बर, 2021 (दोनों दिनों सहित) तक बंद रहेंगी।

कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियम, 2014 (यथासंशोधित) के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं व प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के अनुसरण में, कम्पनी अपने सदस्यों को वार्षिक महासभा में शेयरधारकों के समक्ष रखे गए सभी संकल्पों के लिए बैठक के स्थान से भिन्न किसी स्थान से इलेक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम (रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा अपना वोट देने की सुविधा प्रदान कर रही है। कृपया ई-वोटिंग के अनुदेशों के लिए 28वीं वार्षिक महासभा के नोटिस को देखें। रिमोट ई-वोटिंग की अवधि मंगलवार, 14 दिसम्बर, 2021 को प्रातः 9:00 बजे (आईएसटी) से आरम्भ होगी और बृहस्पतिवार, 16 दिसम्बर, 2021 को सायं 5:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। तत्पश्चात् सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉडयूल बंद कर दिया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति सूचना के प्रेषण के बाद कम्पनी के शेयर खरीदता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तो वह 28वीं वार्षिक महासभा के नोटिस में यथानिर्दिष्ट कार्य-विधि का अनुपालन करते हुए रिमोट ई-वोटिंग के लिए लॉग-इन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

रिमोट ई-वोटिंग के उद्देश्य से कट-ऑफ तारीख शुक्रवार, 10 दिसम्बर, 2021 निर्धारित की गई है। जिन सदस्यों के पास कट-ऑफ तारीख के अनुसार भौतिक रुप से या डीमैट रुप से शेयर हैं, केवल वे ही अपने वोट रिमोट ई-वोटिंग से या ई-वोटिंग से करने के पात्र होंगे।

वार्षिक महासभा में ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं दिया है, वे वार्षिक महासभा में ई-वोटिंग के द्वारा एजीएम नोटिस में निर्धारित तरीके से अपने वोट देने के अधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जिन सदस्यों ने अपना वोट रिमोट ई-वोटिंग द्वारा दिया है, वे बैठक में भाग तो ले सकेंगे लेकिन अपना वोट पुनः देने के पात्र नहीं होंगे। यदि दोनों माध्यमों से वोटिंग की जाती है तो रिमोट ई-वोटिंग द्वारा किए गए वोट पर विचार किया जाएगा।

जिन सदस्यो के पास भौतिक रुप से शेयर हैं या जिन्होंने अपने ई-मेल पते कम्पनी के पास दर्ज नहीं कराए हैं, वे 28वीं वार्षिक महासभा के नोटिस में दिए गए तरीके और प्रक्रिया के अनुसार एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग या ई-वोटिंग की मार्फत अपने वोट का प्रयोग कर सकते हैं।

इलेक्ट्रोनिक वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग और वार्षिक महासभा में ई-वोटिंग) के सम्बन्ध में किसी पूछताछ/शिकायत (तों) के मामले में सदस्य श्री राकेश दल्वी, प्रबन्धक, सी डी एस एल, ए विंग, 25वां तल, मैराथान फ्यूचरैक्स, मफतलाल मिल्स कम्पाउंड, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुम्बई - 400013 से 022-23058542/43 पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल भेज सकते हैं।

आईएफसीआई लिमिटेड के लिए
ह.
**(प्रियंका शर्मा)**
कम्पनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 25 नवम्बर, 2021